जब जब हम पर विपदा आई

जब जब हम पर विपदा आई कौन बना रखवाला,
मेरा खाटूवाला श्याम मेरा खाटूवाला...

हर मुश्किल की घड़ियों में देता है ये ही दिखाई,
जब जब भी इसे पुकारा ये हर दम बना सहाई,
ठोकर खाने से ही पहले हाथ पकड़ने वाला,
मेरा खाटूवाला श्याम मेरा खाटूवाला.....

घनघोर अँधेरा हो या तूफ़ान सी मुश्किल आये,
है संग कन्हाई मेरे दिल बिलकुल ना घबराये,
इस विश्वास की बाती मेरे मन में जलाने वाला,
मेरा खाटूवाला श्याम मेरा खाटूवाला....

जब बैरी बना ज़माना और रस्ता था अनजाना,
बस नाम श्याम का लेकर मुझको था बढ़ते जाना,
अंश मात्र कृपा से मेरा काम बनाने वाला,
मेरा खाटूवाला श्याम मेरा खाटूवाला......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25790/title/jab-jab-hum-par-vipta-aayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |